मानव मन्दिर

12/92



FORM 1

(See Rule 8)

Place of Publication	Hoshiarpur.
Date of Publication	10th of every month
Periodicity of publication	Monthly
Printer's Name	Ravi Nanda
Nationality	Indian
Address	Manavata Mandir, Hoshiarpur.
Editor's Name	Ravi Nanda
Nationality	Indian
Address	Manavata Mandir, Sutehti Road, Hoshiarpur.
Name and address of individuals, who own the Manav Mandir or partners or shareholders, holding more than one percent of the total	Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

I, Ravi Nanda hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : 10

Signature of Publisher

Printed and Published by : Ravi Nanda at Shiv Dev Rao Press, Manavta Mandir, Hoshiarpur for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

मानवता मन्दिर में अगला मासिक सत्संग 20-12-92 को होगा



Param Sant Param Dayal
Pt. Faqir Chand Ji Maharaj



Param Sant Manav Dayal
Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj

गुरु महिमा अपरम्पार, अगम आधार

परमसन्त परमदयाल पण्डित फ़कीर चन्द जी महाराज

का

16 जनवरी 1969 में दिया गया सत्संग (बम्बई में)

शब्द

गुरु महिमा अगम अपार, गुरु गति कौन कहे री।
बिन गुरु कर्म न धर्म कुछ, बिन गुरु भक्ति न ज्ञान॥
जन्म - 2 जम फांस है, बिन गुरु नहीं निर्वान।
चरन गुरु सिर धार, शुद्धमति सोई लहे री॥ गुरु.
देवी देवा ऋषि मुनि, सुर नर साध सुजान।
हंस वंस अवतार सब, गुरु महिमा को जान॥
गुरु है सत करतार, गुरु बिन कौन रहे री॥ गुरु.
राम कृष्ण के गुरु हैं, गुरु मत गुरु वषिष्ठ।
सन्त कबीर ने गुरु किया, गुरु हैसब के इष्ट॥

बिन गुरु भव जल धार, निगुरे सकल वही री ।। गुरु.
दुःख कलेश आपत्ति विपत्ति, चहुं दिस जग में व्याप ।
जीव छुड़ावन सद्गुरु प्रगटे आप ही आप ।।
सब का किया उद्धार, जो कोई शरन चहे री ।। गुरु.
राधास्वामी आदि गुरु परम दयाल प्रवीन ।
अभय करें, पद भक्ति दें, तारें जीव अधीन ।।
नहीं उसका वारा पार, जो गुरु भक्ति लहे री ।। गुरु.

गुरु नाम है ज्ञान का, विवेक का । इस शब्द में कहा गया है :--

"देवी देवा ऋषि मुनि, सुर नर साध सुजान ।
हंस वश अवतार सब, गुरु महिमा को जान ।।

मैं समझता हूं कि इस दुनिया में जिसका भी जीवन बनता है, वह बिना समझ, विवेक या बुद्धि तथा अनुभव के नहीं बनता । विवेक या परखने की शक्ति या तत्त्व हर एक चीज़ में विद्यमान रहता है । देवता भी सोचते हैं, देवियां भी सोचती हैं, गन्धर्व भी सोचते हैं, छोटे - 2 कीड़े मकौड़े, मछलियाँ, पशु, पक्षी सभी सोचते हैं । सभी में बुद्धि का तत्त्व मौजूद रहता है ।

क्या कोई यह कह सकता है या बता सकता है कि यह जो बुद्धि तत्त्व है, ज्ञान तत्त्व है अथवा अनुभव तत्त्व है, चाहे उसके रूप पृथक - 2 क्यों न हों कितना अगम अपार है ? क्या किसी में शक्ति है कि जो कुछ हमारे अन्दर विवेक (तमीज़ मादा) है, बताए कि वह क्या है ? शरीर में रहते हुए विवेक या परखने की शक्ति, आत्मा के रहते हुए और आत्मा

से आगे परमात्मा में रहते हुए विवेक और शारीरिक भान के परखने की शक्ति और उस प्रकाश को देखते समय जो बोध होता है, चेतना आती है वह और शब्द को सुनते समय जो अनुभव पैदा होता है, क्या आप इनका वर्णन कर सकते हैं ? नहीं न ? तो फिर गुरु की महिमा का वर्णन कौन कर सकता है कौन उसकी महिमा को गा सकता है ? बाबा फ़कीर, बाबा सावन सिंह जी, दाता दयाल जी महाराज, गुरु नानक देव जी, कबीर साहिब, स्वामी जी महाराज के गुणों का तो तुम वर्णन कर सकते हो, परन्तु जो असली ज्ञानरूपी गुरु है उसका वर्णन आपके शब्द नहीं कर सकते। जब तक आपको असली ज्ञान जो शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक ज्ञान से भी परे है नहीं होगा आप भवसागर से पार नहीं जा सकते। इस शब्द में एक कड़ी है :--

बिन गुरु कर्म न धर्म कुछ, बिन गुरु भक्ति न ज्ञान।
जन्म - 2 जम फांस है, गुरु बिन नहिं निर्वान ॥

अहा ! कहा गया है कि बिना गुरु के निर्वाण नहीं है। तो फिर गुरु क्या हुआ ? ज्ञान हुआ न।

जब तक मनुष्य को मन के खेलों की या संकल्पों के जो चेतना या ज्ञान हमारे अन्दर होता है उसका ज्ञान नहीं होता, आत्मा के अन्दर प्रकाश की जो चेतना है, जब तक उसका ज्ञान नहीं हो जाता, शब्द के सुनते समय, जो चेतना होती है, उसका ज्ञान नहीं हो जाता, जब तक ज्ञान दाता गुरु के विस्तृत, अगम, अपार रूप का अनुभव नहीं हो जाता निर्वाण नहीं हो सकता।

इस गुरु के ज्ञान को प्राप्त करने के लिए, जीव को अपने

ही शरीर में प्रविष्ट हो कर, गुरु के दर्शन करने, गुरु को जानने, गुरु को पहिचानने का प्रयत्न करना चाहिए। बाबा सावन सिंह जी महाराज कहा करते थे "अन्तर बढ़ो और परदा खोलो।" वह पर्दा क्या है? हमारे शारीरिक, हमारे मानसिक, हमारे आत्मिक तथा हमारे पारमार्थिक जितने भी भजन बोध हैं उनको प्राप्त करने के लिए अन्तर बढ़ने का आदेश है, ताकि तुम्हें गुरु के असली दर्शन मिल जायें और तुम्हारा भवसागर समाप्त हो जाय।

अगर हर व्यक्ति को गुरु के दर्शन अपने अन्तर में न होते, तो बाबा सावन सिंह जी महाराज यह न कहते कि अन्तर की ओर बढ़ो और परदा खोलो। सन्त कहते हैं कि गुरु तो तुम्हारे घट में है। मैं भी तो गुरु को पूजता हूं। दाता कहा करते थे :--

गुरु तो तेरे पास फ़कीरा, गुरु तो तेरे पास।
तेरे तन में तेरे मन में तेरे स्वासों स्वास॥

दुनिया मूर्ख है, जो गुरु की देह को पूजती है। बाबा फ़कीर चन्द जी की देह को या बाहरी गुरु की देह को गुरु मानती है। बाहर का गुरु तो तुम्हारे अन्तर में बसे हुए असली गुरु से साक्षात् करने का रास्ता और तरीका बताता है और तुम्हारा सहायक होता है।

जब तक सुरत बहिर्मुखी रहती है और मनुष्य बाहर की रचना तथा ऊपर की रचना का अनुमान करता रहता है, वह भूल-भुलैयां में ही रहता है। जब तुम्हें अन्तिम पद या अवस्था का अनुभव हो जाता है, तो देह, मन, आत्मा और परमात्मा में जो तुम्हारा आपा फँसा हुआ था, वह फँसाव या बन्धन टूट जाते हैं। दुःख, सुख, नेकी, बदी, पाप-पुण्य

धर्म-कर्म मनुष्य सभी से स्वतन्त्र हो जाता है। हां प्यारे मास्टर मोहन लाल! सुन रहे हो न। बात बहुत ऊँची है जिसका समझना कठिन है। जो लोग इस अध्यात्म के रास्ते पर चलने प वाले हैं वह ही इसे समझ सकते हैं।

"निर्वाण" संस्कृत का शब्द है, जिसका अर्थ है फूंक मार कर उड़ा देना। निर्वाण क्या है? मेरा अपना आपा, अपना निज स्वरूप। मैं ऐसी अवस्था में रहने का प्रयास करता हूं जहां न देह के भान हैं, न मन के भान हैं न आत्मा का बोध है। न वहाँ ईश्वर के अस्तित्व का ध्यान रहता है न परमात्मा का ख़्याल। ऐसी अवस्था या दशा क्या है? वह है मेरा निज स्वरूप, जहां से मैं आया था। क्यों आया था? मौज! जिस प्रकार मौज ने समुद्र में करोड़ों पशु पैदा कर दिए, जिस तरह सूर्य, चन्द्रमा, तारागण पैदा कर दिए, उसी तरह से मौज ने मुझे भी पैदा कर दिया या बना दिया, यहां भेज दिया। हां तो मैं आपको बता रहा था कि गुरु की महिमा क्या है?

गुरु महिमा अगम अपार, गुरु गति कौन कहे री। ...

गुरु की महिमा अपरम्पार है उसकी महिमा को गाना मनुष्य की शक्ति के बाहर है। ये बाहर के गुरु-चेलों का जो आपस में सम्बन्ध है, वह संसार का व्यवहार है जैसा कि मां, बाप, भाई-बहन, चाचा, ताऊ आदि के व्यवहार होते हैं। बाहरी गुरु का यह फ़र्ज है कि वह आपको उस व्यवहार के रखते हुए भी कुछ सार भेद दे। उस पर अमल करना या न करना तुम्हारा काम है। मुझे तो मेरे परम गुरु ने यह आशीर्वाद दिया था "फ़कीरा जा भव पारा" मैं तो गुरु

को कृपा से भव सागर से पार हो गया। पिछले जन्म के कुछ खेल हैं, -ह मैं खेलता हूं। आशा करता हूं कि वापिस मुड़ कर नहीं आऊंगा। आगे उसके ही हाथ में है। ऐ मेरे प्यारे लोदामल! अभ्यास किया करो। यह तुम्हारे पिछले जन्मों के कर्मों का खेल है कि तुम सेठ बने हो। जीवन को राजा जनक की तरह खेलो। यही मेरी शिक्षा है, यही मेरा नामदान है। मैंने रहस्य खोल दिया, जीवन को सरल बना दिया। यह सहजयोग है। दुनिया चक्करों में फंस गई, कठिन विषय को मैंने आसान कर दिया। मैं आप सबको आशीर्वाद देता हूं और सच्चे दिल से चाहता हूं कि आपका यह जन्म वृथा न जाय और आवागमन से आपका छुटकारा हो जाय। बाकी रही बात तुम्हारे इस जीवन की। उसे हंसी खुशी से जियो अपने प्रारब्ध कर्मों को भोगो।

मुझे अपने निज घर वापिस जाने की तड़प थी, लगन थी। छोटी उम्र से यही लालसा थी कि मैं उस मालिक से मिलूं, जहां से मैं आया हूं। कोई विरले ही मनुष्य ऐसे होते हैं, जो इस रास्ते पर आते हैं। जिस तरह इस दुनिया में मांग और पूर्ति (Demand and Supply) के नियम के आधीन किसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए, कोई दूसरी शक्ति आ जाती है, जो उस आवश्यकता को पूरी कर देती है। मेरी मांग या तड़प ने उस मांग और पूर्ति के नियम के आधीन मेरे गुरु दाता दयाल महर्षि शिवब्रतलाल जी महाराज को प्रगट कर दिया। आज उनकी ही कृपा से मैं जीवनमुक्त हो गया हूं।

तुम लोग देहसीं से आए हो। यह मेरा फ़र्ज है कि

मैं आपको बता दूं कि सच्चा गुरु कौन है। सच्चा गुरु या सद्गुरु है ज्ञान, अनुभव। वह कब प्राप्त होता है? जब आप साधन या अभ्यास करते हो, जब तुम अपने अन्दर जाते हो। मैं सच्चे दिल मे चाहता हूं कि आपको सच्चे गुरु के दर्शन हो जायें। मैं दाता को सदैव सद्गुरु मान कर उनसे प्रेम करता रहा, उनकी पूजा करता रहा। वह मुझे समझाते रहते, "बावरे फ़कीर! तू मेरे शरीर को ही गुरु मानता है असली गुरु तो तेरे अन्दर ही निवास करता है, तेरे पास रहता है, तेरे अंग-संग है। परन्तु उस समय मेरी समझ में नहीं आता था कि गुरु जब उपस्थित नहीं होता, तो मेरे पास कैसे रहता है। जिस प्रकार आप मुझे गुरु मानते हो, मुझ से प्यार करते हो, उसी प्रकार मैं भी दाता को अपना गुरु मानता था और उनसे प्यार करता था। वह मुझे प्यार से समझाया करते :--

गुरु तो तेरे फ़कीरा, गुरु तो तेरे पास।
त्याग भरम विचार मन का, छोड़ जग की आस।
आस रख ले गुरु चरन की, सब से होय निरास॥ फ़.
तेरे मन में तेरे तन में, तेरे स्वासों स्वास।
गुरु बसें दिन रात प्यारे, धर चरन विश्वास॥ फ़.
गुरु नहीं तीरथ बरत में, गुरु न योग अभ्यास।
ढूँढ अपने हृदय में नित, वहाँ उसका वास॥
कर्म में माया है व्यापी, धर्म यम की फाँस।
बन में अनबन देखी मन में, भ्रम था सन्यास॥
तेरी चिन्ता गुरु को होगी, क्यों है तुमको त्रास।
राधास्वामी चरन गहे, अज्ञान का कर नास॥

दाता ने बहुत समझाया, बहुत गूढ ज्ञान दिया, परन्तु उस समय बात पूरी तरह समझ में नहीं आती थी। उन्होंने मेरे साथ खेल किया। मुझे गुरु पदवी दी, ताकि अनुभव से निज अनुभव से मेरे अज्ञान का नाश हो जाय। मेरे भ्रम तथा संशय दूर हो जायें। परमतत्त्व के अवतार दाता दयाल की कृपा से आप लोगों के सम्पर्क में आने से, आपके अनुभवों के विषय में, आपके मुख से सुनकर तथा आपके पत्रों द्वारा पढ़ कर धीरे-2 मेरे भ्रम तथा शंकाएं जाती रहीं मुझे ज्ञान हो गया। आप जब कहते हैं कि मेरा रूप आपके अन्तर में प्रकट हो कर आपकी सहायता करता है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं किसी के अन्तर जाता नहीं और न ही किसी के काम करता हूं, तो इस एक ही बात से मेरी आखें खुल गईं कि आपकी सहायता करने कौन आता है। तो मैं अब दावे से कह सकता हूं कि आप ही मेरे अज्ञान को नष्ट करने वाले ज्ञान दाता हैं। मैंने जो सार, जो दौलत, जो ज्ञान का भेद दाता दयाल की कृपा से, गुरु पदवी पाने के बाद प्राप्त किया है, वह आपकी ही बदौलत पैदा किया है और अब वह आपकी दौलत सत्संगों द्वारा आपको ही लौटा रहा हूं, आपको ही समर्पित कर रहा हूं।

आपको जब मेरे रूप के दर्शन होते हैं और उस रूप से जो आपको मेरे द्वारा सहायता मिलती है, वह सब आपके अपने ही मन के कारण ही होता है। वह सब आपके मन का ही खेल है। जब मुझे इस बात का विश्वास हो गया, तो इससे इस बात का भी विश्वास हो गया कि मेरे अन्तर में जो दाता का रूप बनता था, जो मेरी समय-समय पर सहायता करता था, वह सब मेरे अपने ही मन का विश्वास था, अपने ही मन का खेल था।

इस ज्ञान के हो जाने के बाद मेरे अज्ञान का नाश हो गया, और मैं उस मंजिल तक पहुंचने के लिए विवश हो गया, जिसका नाम निर्वाण रखा गया है।

गुरु शिष्य के व्यवहार के विषय में भी दो शब्द कहना चाहूंगा। अधिकतर लोग गुरु के पास शिष्य बन कर इसलिए जाते हैं, कि उनका धन, धान्य मिले, मान मिले, सम्मान मिले तथा उनकी प्रसिद्धि हो, सन्तान मिले, बीमारियां दूर हो जायें, मुसीबतें टल जायें। अध्यात्म का ज्ञान लेने के लिए तो कोई बिरला ही आता है। आजकल अधिकतर गुरु भी ऐसे हैं, जिन्हें अध्यात्म की इतनी परवाह नहीं, जितनी कि अपने डेरे बनाने, गद्दियों को सुरक्षित रखने, सम्पति बनाने तथा मान तथा प्रशंसा बटोरने की चिन्ता है। मैं निर्भय होकर यह कह रहा हूं कि ऐसे गुरु, सच्चे गुरु नहीं हैं. वे तो स्वयं ही बंधुए हैं, बन्धन में जकड़े हुए हैं, वह शिष्यों को बन्धन की ज़जीरों से कैसे मुक्त कर सकते हैं? वह आपको सच्चा ज्ञान निर्भय हो कर कैसे दे सकते हैं? सच्चा ज्ञान तो केवल वही दे सकता है जिसका अपना कोई स्वार्थ नहीं हो, निर्भय भी वही हो सकता है जिसे अपना कोई स्वार्थ न हो। जो स्वयं स्वार्थ में फंसा हुआ है, आपसे चढ़ावे लेता है आपको स्वतन्त्र तथा निर्भय नहीं होने देता, वह आपको सच्चा ज्ञान कैसे दे सकता है? इसलिए बार-बार कहा जाता है कि पूर्ण गुरु को ढूंढो।

मेरे सत्संग में केवल वही आते हैं जिनके पिछले संस्कार जागे हुए हैं। आप जितने भी लोग यहां आए हो अपने संस्कारों तथा प्रारब्ध कर्मों के अनुसार ही यहां खिचे हुए आये हो। जिस प्रकार एक तपेदिक का

रोगी अपने कीटाणु छोड़ जाता है, उसी प्रकार एक निर्बन्ध पुरुष अच्छी रेडीएशन छोड़ता है। मेरी रेडीएशन का प्रभाव आज नहीं तो कल आप पर ज़रूर पड़ेगा। जब तक गुरु के अगम तथा अपार स्वरूप का आपको अनुभव नहीं होता, तब तक निर्वाण सम्भव नहीं। यह बात बिलकुल सत्य है, शतप्रति-शत सत्य है। अतः गुरु के अगम अपार रूप को पहचानो।

फ़कीर लायब्रेरी चैरीटेबल ट्रस्ट सुतैहरी रोड, होशियारपुर को दिया धन आयकर अधिनियम की धारा 80-जी, के अन्तर्गत, पत्र नं. ***JUDL TRUST 13999 dt. 1-12-91***, साल ***1993-94*** तक आयकर से मुक्त है।

R. S.

परम पुरुष पूर्णधनी संत सद्गुरु हिज़ होलीनेस हज़ूर मानव दयाल डा. ईश्वरचन्द शर्मा जी महाराज

मानवता मन्दिर,
सुतैहरी रोड,
होशियारपुर।
23-3-92

शब्द

धन्य धन्य गुरु परम सनेही, धन्य दीन हितकारी,
धन्य कृपाला सहज दयाला, भव भय मेटनहारी।
लीला अगम अपार अमाया, अद्भुत क्या कोई जाने,
ऋषि मुनि योगी पार न पावें, ज्ञानी नहिं पहिचाने।
अगुन सगुन के मध्य विराजे, नहीं ब्रह्म नहिं माया,
रूप अरूप के वरे परे तुम, नहिं प्रकाश नहिं छाया।
सब में व्याप्त तुम्हारी सत्ता, सत्त असत्त के पारा,
मन वानी की गम नहिं तुममें, सबमें सबसे न्यारा।
क्या कह करूं तुम्हारी स्तुति, अजर अमर अविनाशी,
निरालम्ब सबक आधारा, चेतन घन सुख राशी।

गो गोचर जहाँ लग मन जाई, सो नहिं देश तुम्हारा,
माया काल के परे ठिकाना, क्या कोई वरने पारा।
तत्त्व अतत्त्व असार सार नहिं, शब्द सुरत नहिं होई,
सन्त कहें तुम शब्द रूप हो, और अशब्द गति सोई।
ऊंची दृष्टि करे जो प्राणी, सार भेद कुछ पावे,
भेद पाय शरणागत आवे, आवागमन मिटावे।
दया करो करुणा चित लाओ, दो मोहि भक्ति विवेका,
राधास्वामी चरन शरन बलिहारी, रहूं शब्द मिल एका।

राधास्वामी !

राधास्वामी मत और संत मत प्रेम और भक्ति का मार्ग है। यह सभी धर्मों की सच्चाई को अपने में धारण किए हुए है। यह कोई सम्प्रदाय या फ़िरका नहीं है। राधा नाम है आत्मा का, प्रकृति का, और स्वामी नाम है पुरुष का, परमात्मा का। जिस समय इस संसार की रचना नहीं थी, उस समय परमतत्त्व उनमुनी अवस्था में अपने आप में गुप्त था। शब्द रूप में भी अभिव्यक्त नहीं हुआ था। इसलिए जब परम तत्त्व अपने आप में गुप्त था, कोई सृष्टि नहीं थी, उस अवस्था को अनाम कहते हैं।

'शब्द गुप्त तब रहा अनाम,
शब्द प्रगट तब धरिया नाम।'

जब वह अपने आप से, अपनी निज अवस्था से, अपनी ज़ात-ए-हस्ती से निकल कर प्रगट हुआ तो दो रूपों में हुआ-- शब्द और प्रकाश। शब्द व्यापक है। प्रकाश भी व्यापक है। लेकिन प्रकाश की रचना शब्द से होती है। इसलिए शब्द ऊंच है। शब्द से जब प्रकाश निकला, धारा बही, तो उस प्रकाश की धारा से कोटि-कोटि ब्रह्माण्ड, अनेक आकाश

गंगायें और दृश्य जगत् की रचना हुई। 'धारा' शब्द भी ध्वन्यात्मक शब्द है। और हम सभी आत्मायें या सुरतें स्वामी या शब्द से निकल कर इस धारा में आ गए। यह प्रकाश या ब्रह्म की धारा विकसित होती हुई चलती जा रही है। अनेकानेक ब्रह्माण्डों की रचना होती जा रही है। काल चलता जा रहा है। काल की चाल से परिवर्तन होते रहते हैं और इतिहास की रचना होती रहती है। अनेकानेक युद्ध हुए, राम-रावण-युद्ध हुआ, कौरव-पाण्डवों का महाभारत युद्ध हुआ। भगवान राम, कृष्ण और बुद्धावतार हुए। और इतिहास बताता है कि भारतवर्ष पर यवनों ने आक्रमण किया। फिर मुसलमानों का राज्य आया। वह भी खत्म हुआ। फिर अंग्रेजों ने आकर दो सौ साल तक राज्य किया। पश्चिम में विज्ञान की तरक्की हुई। आज विज्ञान का युग है। यह सारे परिवर्तन जो हुए, यह सब इसी शब्द और प्रकाश की धारा के कारण हुए। विज्ञान का सम्पूर्ण विकास यह धारा ही तो है। हम सभी जीवात्मायें भी अपने आधार से निकल कर इसी धारा में बह रहे हैं। और हमारे ध्यान से इस धारा में उन्नति होती जा रही है। भौतिक उन्नति हो रही है। इस भौतिक धारा में जीव जब तक बह रहा है, तब तक उसे चैन और शांति नहीं है। क्योंकि जीव जहां से आया है उस आधार की तरफ उसका ध्यान नहीं है। आर धारा में परिवर्तन होता जा रहा है। धारा में बहते रहने के कारण जीव को तृप्ति या शांति कभी आ नहीं सकती। क्योंकि हम अपने आधार-उस प्रियतम प्यारे को भूल गए। शब्द को भूल गए, स्वामी को भूल गए। इसलिए हमें अपने उस प्रियतम प्यारे से मिलने की तड़प-तपन करारी-होती है। और उस प्रीयतम

प्यारे को मिलने का एक ही रास्ता है। वह है प्रेम। प्रेम तत्व है। प्रेम की पराकाष्ठा और उच्चतम अवस्था का नाम ही शब्द-योग है। शब्द तो सब से ऊपर है। और उसी शब्द से प्रकाश की धारा निकल कर नीचे की और बही जा रही है। और जब तक हम अपने आधार-शब्द-से नहीं मिलते, तब तक हमें चैन और शांति नहीं मिलती। हम तड़प इसीलिये रहे हैं कि हम अपने उस शब्द रूप प्रियतम स्वामी से बिछुड़े हुए हैं। इसलिए यह प्रेम का मार्ग धारा का नहीं बल्कि राधा का है। यह उलटा मार्ग है।

'उलटा नाम जपत जग जाना।
वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना॥' --तुलसीदास

तो इस रचना की धारा में रहते हुए भी, उसमें न बह कर, अपने सुरत या ध्यान को उस शब्द रूप प्रियतम से जोड़ देने का नाम ही राधास्वामी योग या शब्द योग है।

शब्द का तो कोई रूप-रंग-रेखा नहीं है। लेकिन जब वह प्रगट हुआ तो उसका ही नाम राधास्वामी है।

'शब्द गुप्त तब रहा अनाम।
शब्द प्रगट तब धरिया नाम॥'

और जब तक राधा और स्वामी मिलेंगे नहीं तब तक चैन नहीं आएगा। यह मार्ग प्रेम का मार्ग है। निरस-शुष्क साधना तप का मार्ग नहीं है। कानों में उंगली देकर प्रकाश और शब्द को देखना-सुनना मात्र ही राधास्वामी योग नहीं है। साधना भी आन्तरिक प्रेम है। वह तब तक सुलभ नहीं हो सकता जब तक बाहरी प्रेम पूरा नहीं होता।

'हक़ीक़ी इश्क की इश्के मिज़ाजी पहली मंजिल है।
चलो ऐ ज़ाहिदो सूए खुदा कूए बुताँ हो कर॥'

इस जगत् में परमेश्वर का जीता-जागता स्वरूप गुरु हैं जो अवतार लेकर जीव को चेताने के निमित्त आए हुए हैं।

'बन्दौं गुरु पद कंज, कृपा सिंधु नर रूप हरि।
महामोह तम पुंज, जासु बचन रविकर निकर॥'
--तुलसीदास

इसलिए पहले बाहरी गुरु से प्रेम करो जो परमेश्वर का साक्षात् स्वरूप है। तब तुम्हें चैन और शांति मिलेगी। यह मार्ग प्रेम, प्रीत और प्रतीति का मार्ग है। कोई जादूगरी नहीं है कि कानों में उंगली देकर शब्द की धुन में मस्त हो गए। अगर शब्द से भी हमारा लगाव हो गया तो वह भी आसक्ति हो गई। वह भी मंजिल-ए-मक़सूद नहीं है, बल्कि रुकावट है। क्योंकि मिलना तो हमें परम-पुरुष से है जो हमारा प्रियतम प्यारा है।

'तत्व अतत्व असार सार नहिं,
सुरत शब्द नहिं होई।
संत कहें तुम शब्द रूप हो,
और अशब्द गति सोई॥'

हम पांच महातत्व नहीं हैं, और ना ही सूक्ष्म अतत्व हैं। पाँच महातत्व तो हैं पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनके पीछे पाँच अतत्व हैं ---गंध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द। पृथ्वी में गंध मौजूद है, जल में रस है, अग्नि (प्रकाश) में रूप है, वायु में स्पर्श का अनुभव होता है, और आकाश में शब्द है। यह पांच सूक्ष्म अतत्व हैं जिन्हें

तन्मात्र कहते हैं। 'तत्व अतत्व असार सार नहिं।'

यह जगत् असार है। असार का यह अर्थ नहीं कि वह कुछ है ही नहीं। क्योंकि असार में सार छिपा हुआ है। शरीर, मन और आत्मा के अन्दर, सुरत छिपी हुई है। शरीर, मन और आत्मा के असार होते हुए भी सुरत, जो सार तत्व है, उनमें छिपा हुआ है। ब्रह्मा, विष्णु और शिव के पीछे परम तत्वाधार छिपा हुआ है।

'तत्व, अतत्व असार-सार नहिं,
सुरत शब्द नहिं होई।'

सुरत शब्द से अलग हुई थी अर्थात् राधा स्वामी से अलग हुई थी। इन दोनों से भी परे की अवस्था है---इन दोनों का मिल जाना।

'गुप्त रूप जहाँ धारिया, राधास्वामी नाम।
बिना मेहर नहिं पावई, जहां कोई विश्राम॥'

जब सुरत नाम में समा गई तो विश्राम की अवस्था आ गई। विश्राम वह अवस्था है जहाँ सुरत और शब्द दोनों अनाम में समा गये। फिर राधा राधा न रही, और स्वामी स्वामी न रहा। दोनों मिल कर अपनी असली हालत-निज अवस्था ---राधास्वामी अवस्था में समा गए। लेकिन वह अवस्था कब मिलेगी? 'बिना मेहर नहिं पावई, जहां कोई विश्राम।' तुम लाख समाधि-ध्यान लगाओ, लेकिन जब तक गुरु की कृपा तुम पर नहीं होगी, तुम विश्राम की निज अवस्था में नहा पहुच सकते। गुरु की दया अनिवार्य है।

गुरु की दया कब होगी ? जब तुम गुरु से सच्चा प्रेम करोगे। तुम्हारा प्रेम सवाल है, और गुरु की दया उसका जवाब है। प्रेम है सवाल और दया है जवाब। इसलिए यह प्रेम का रास्ता है। तो प्रेम हम किससे करें ? 'नहीं रूप कोई, सभी रूप तेरे।' प्रेम तुम उससे तब कर सकोगे जब वह तुम्हारे ही जैसा बन कर आएगा। लोग विष्णु आदि देवता से प्रेम व भक्ति की बात करते हैं। लेकिन विष्णु तो हमारे या आप जैसा नहीं है। उसके तो चार भुजायें हैं। आप स्थूल देहधारी हो, विष्णु सूक्ष्म दिव्य रूपधारी हैं। ऐसी अवस्था में प्रेम सम्भव नहीं है। इसी लिए जीव जब आरम्भ में मछलियों के रूप में थे, तब परमेश्वर मत्स्य अवतार के रूप में आए। और मछलियों ने उनसे प्यार किया। मनुष्य तो मत्स्य रूप से प्यार नहीं कर सकता। प्यार उसी से होता है जो अपने जैसा हो, हमजिन्स हो। इसलिए हमारा सच्चा प्रेम ब्रह्मा, विष्णु, महेश या किसी भी देवता से सम्भव नहीं है। प्रेम हम उसी से कर सकते हैं जो हमारे जैसा मनुष्य के चोले में आया हुआ हो। सत्गुरु हमारे जैसा मनुष्य के चोले में हमें जगाने-चिताने के लिए आता है। और सत्गुरु से हमारा सच्चा प्यार सम्भव है। देवताओं ने प्यार हम कर ही नहीं सकते। तुम देखो कि पति-पत्नी जीवन में प्रेम से रहते हैं। लेकिन वही पति या पत्नी मर जाने के बाद यदि घर में आ जाए तो उसे भूत या चुड़ैल समझ कर भय खाते हैं। उसे भगाने के उपाय किए जाते हैं। गैरहमजिन्स से प्यार हो ही नहीं सकता। तुम लाख कोशिश कर लो, प्रेम नहीं हो सकता। तो यदि परमपुरुष से प्यार करना है तो ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि देवताओं के रूप में नहीं किया जा सकता, बल्कि जब वह साक्षात् मनुष्य रूप में अवतार लेकर सत्गुरु

रूप में आते हैं, तभी उनसे आप सच्चा प्रेम कर के निज धाम पहुंच सकते हैं।

'बन्दौं गुरु पद कंज, कृपा सिंधु नर रूप हरि।
महा मोह तम पुंज, जासु वचन रविकर निकर॥'

---तुलसीदास

इसका मतलब यह है कि जब परमपुरुष परमेश्वर मनुष्य के चोले में सत्गुरु रूप में अवतार ले कर आता है तभी हम उसकी सच्ची भक्ति और वन्दना कर सकते हैं क्योंकि सत्गुरु रूप मैं वह कृपा का सागर हो कर उमड़ आता है। अनामी धाम या निज धाम में बैठा हुआ मालिक हमारे लिए किसी काम का नहीं। दया के सागर सत्गुरु के वचन रूपी किरणों से मनुष्य का महामोह रूपी घना अन्धेरा वैसे ही मिट जाता है जैसे सूर्य की किरणों से अन्धकार की घनघोर बदली छँट जाती है और प्रकाश हो जाता है।

सन्त मत, राधास्वामी मत, या मानवता धर्म प्रेम, प्रीत और प्रतीत का रास्ता है। इसकी पराकाष्ठा सत्गुरु के प्रति प्रेम के रूप में है।

'बन्दौं गुरु पद पद्म परागा।
सुरुचि सुबास सरस अनुरागा॥'

---तुलसीदास

मालिक जब साक्षात् सत्गुरु रूप में मनुष्य के चोले में हमारे ही जैसा बन कर आएगा तभी तो उससे प्यार किया जायेगा। पूर्ण प्रेम कब होता है? जब गंध, रस, रूप,

स्पर्श और शब्द, इन पांचों सूक्ष्म अतत्वों के जरिये हम सत्गुरु से प्रेम करते हैं। सत्गुरु के द्वारा स्पर्श किए गए फूलों और उन्हें पहनाए गए मालाओं को जब हम सूंघते हैं, उनके हाथों से दिए गए प्रसाद जब चखते हैं, उनके मस्तक और आंखों को एकटक हो कर निरखते हैं, उनके चरणों को जब हम हाथों से स्पर्श करते हैं और उनके वचनों को सुनते हैं,तब यह हमारी बाहरी भक्ति और प्रेम पूर्ण रूप से होता है। ऐसी भक्ति और प्रेम तुम्हें उस हालत, उस अवस्था में ले जाती है जिसे सहज समाधि की अवस्था कहते हैं, जहां न कानों में उंगली देने की जरूरत है, न आंखों को मूंदने की जरूरत है, न जबान से जपने की ज़रूरत है।

'सन्तो सहज समाधि भली।
गुरु प्रताप भयो जा दिन सों,
सुरत न अनत चली ॥'

गुरु के प्रेम को पराकाष्ठा का होना ही गुरु-प्रताप है। तुमने गुरु को एकटक देखा, गुरु ने तुम पर दयादृष्टि डाली। दोनों का प्रेम उमड़ कर असीम हो गया। गुरु गुरु नहीं रहा, चेला चेला नहीं रहा। द्वैत का भाव मिट गया। अद्वैत से भी परे की अवस्था आ गई।

'आंख न मूंदूं कान न रूंधूं,
काया कष्ट न धारूं।
खुले नयन मैं हंस-हंस देखूं,
सुन्दर रूप निहारूं ॥'

सत्गुरु हमें इस सहज समाधि की अवस्था पर पहुंचा देता है। हां, यह बात जरूर है कि सत्संगी को सत्गुरु के

सत्संग में आना, इस प्रेम के मार्ग में पहला कदम है। यह बाहरी प्रेम है। सत्गुरु के सत्संग में आने से तुम्हें यह बात सहज ही समझ में आ जाएगी :

नहिं तुम दो न तीन चार हो,
सुरत शब्द नहिं होई ।
सन्त कहें तुम शब्द रूप हो,
और अशब्द गति सोई ॥'

तो जब परा आध्यात्मिक सार भेद को समझना इतना कठिन है, तो हमें क्या करना चाहिए ? वह कहते हैं :

'ऊंची दृष्टि करे जो प्राणी,
सार भेद कुछ पावें ।
भेद पाय शरणागत आवे,
आवागमन मिटावे ॥'

सत्गुरु अपने सत्संग के वचनों द्वारा हमारी दृष्टि को ऊंचा कर देता है। और जब हमारी दृष्टि सत्गुरु की दया से ऊंची हो जाती है, तब हमें दिखाई देने लगता है कि उस अवस्था के सामने यह दुनिया तो कुछ भी नहीं। परम अवस्था तो बिल्कुल न्यारी ही गति और अवस्था है। और जब हमें यह पता लग जाता है कि हम अपने बल-पौरुष के द्वारा तो उस अवस्था को पहुंच ही नहीं सकते, तब हम अपना बल त्याग कर सत्गुरु की शरण में आ जाते हैं। अपना बल हार जाते हैं। तब गुरु का बल हमें उस परम अवस्था पर ले जाता है। और जब हम उस अवस्था पर सत्गुरु की दया से पहुंच जाते हैं तो आवागमन, जन्म-मरण के चक्र से सदा-सर्वदा के लिए निकल जाते हैं, और परम

शांति, परमानन्द की अविनाशी अवस्था में विश्राम को प्राप्त करते हैं।

इसलिए साक्षात् सत्गुरु रूप की भक्ति अत्यन्त आवश्यक है। कबीर साहिब कहते हैं कि दिन में बारम्बार सत्गुरु के दर्शन करे। यदि बारम्बार नहीं तो दिन में एक बार दर्शन करे। अगर रोज नहीं तो एक दिन का अन्तर दे कर दर्शन करे। नहीं तो तीसरे दिन करे। यह न हो तो हफ्ते में एक बार दर्शन करे। नहीं पखवाड़े में एक बार दर्शन करे। नहीं तो महीने में एक बार दर्शन करे। यह भी न हो तो छठे छमाहे दर्शन करे। और यदि यह भी न हो तो कम से कम साल में एक बार तो अवश्य ही सत्गुरु का दर्शन-सत्संग करना चाहिए। फिर भी गुरु की दया से प्रेरणा मिलेगी और आप भक्ति के मार्ग में उन्नति करते चले जाओगे। और इस भक्ति में आपको आन्तरिक प्रेम की पुष्टि के लिए सत्गुरु "नाम दान" प्रदान करते हैं। और आन्तरिक प्रेम के लिए आप उसी सत्गुरु के नाम का सुमिरन, उसी के रूप का ध्यान और उसी की वाणी का भजन करें जिसने आप को सत्संग करा कर नामदान प्रदान किया। इसी नाम का साधन अन्तर में करते-करते आपका बाहर का प्रेम आन्तरिक प्रेम में बदल जाएगा। आप की रहनी बदल जाएगी, आप स्वयं शब्दमय हो जाओगे और ऊंची से ऊंची अवस्था को प्राप्त कर लोगे। शब्द व्यापक है। राधास्वामी मत शब्द का मार्ग है। शब्द स्वयं प्रेम है। प्रेम किसी की निन्दा नहीं करता, चाहे उसका कोई भी धर्म क्यों न हो। यह है प्रेम का मार्ग। भले ही शुरू में आप का प्रेम शारीरिक प्रेम ही क्यों न हो, जब तुम गुरु के सत्संग में आओगे तो यही प्रेम बदलते- 2 आत्मिक प्रेम में बदल

जाएगा। यह है सार।

'एक जन्म गुरु भक्ति कर, जन्म दूसरे नाम।
जन्म तीसरे मुक्ति पद, चौथे में निज धाम ॥'

यहां जन्म का मतलब है कुछ समय के लिए। कुछ समय तक गुरु की स्थूल भक्ति करे, शारीरिक सेवा करे। क्यों? गुरु के नज़दीक आने का अवसर मिलता है। गुरु की कुरबत मिलती है। गुरु की रेडिएशन से शिष्य का ध्यान बनता है। तब उसको नामतत्त्व की प्राप्ति होती है और कुछ समय तक वह नाम की भक्ति करता है। नाम जपते-जपते वह अपनी "मैं"(अहंकार) को भूल जाता है और हर तरफ उसे गुरु ही गुरु दिखाई देने लगता है। उसकी "मैं" नहीं रहती, सिर्फ "तू" ही रह जाता है। यही जीवन मुक्त अवस्था है :

'तू-तू करता तू भया, मुझमें रही न हूं।
वलिहारी गुरु नाम की, जित देखूं तित तू ॥'

आगे चलते-चलते, चोला छोड़ने से पहले, उसकी यह हालत आ जाती है जिसे निज धाम कहते हैं, जहां "मैं" नहीं रहती, और "तू" भी नहीं रहता।

'झुका के सिर राधास्वामी पद में,
विचार तक दासपन का खो दूं।
पिला दे भक्ति का ऐसा प्याला,
ममत्व मैं अपने मन का खो दूं ॥
न सुध रहे आर न बुध रहे कुछ,
अहम्पना सारा मन का खो दूं ॥'

यह है राधास्वामी मत। यह है सार। किसी प्रकार की भक्ति करो, अगर बाहरी भक्ति करते हो तो वह आन्तरिक भक्ति में बदल जाएगी। लेकिन यह समझ लेना कि केवल कानों में उंगलियां दे कर समाधि-ध्यान लगाने से प्रकाश और शब्द खुल जाएगा, या कोई जादूगरी हो जाएगी, यह गलतफहमी है। सन्त मत केवल प्रेम का मार्ग है, प्रेम ही इसका आधार है और प्रेम ही इसकी मंजिल है। और यही मानवता धर्म है। आज के लिए इतना सत्संग काफी है।

सब को राधास्वामी।

हमें भी दे तार लाखों तारे

मासिक सन्देश

सत्संग परमसन्त सद्गुरु

हजूर मानव दयाल

डा. आई. सी. शर्मा जी महाराज

मानवता मन्दिर, होशियारपुर।

दिनांक 16.5.82

मेरी अपनी ही आत्मा के अंश,

परमप्रिय सत्संगियो :

राधास्वामी, परमदयाल जी सहाई!

जेठ महीना जेठा भारी,
जीवन हिरदे तपन करारी।
संत दयाल जोव हितकारी,
भेद कहें अब निज कर भारी।
नहिं ख़लिक़ मखलूक़ न ख़िल्क़त,
कर्ता कारन काज न दिक्क़त।

द्रष्टा दृष्टि नहिं कुछ दरसत,
वाच लक्ष नहिं पद न पदारथ।
ज़ात सिफ़ात न अव्वल आख़िर,
गुप्त न परघट बातिन ज़ाहिर।
राम रहीम करीम न केशो,
कुछ नहिं कुछ नहिं कुछ नहिं था सो।
सिमृत शास्त्र न गोता भागवत,
कथा पुरान न वक्ता कीरत।
सेवक सेव न दास न स्वामी,
नहिं सतनाम न नाम अनामी।
कहां लग कहूं नहीं था कोई,
चार लोक रचना नहिं होई।
जो कुछ था सो अब कह भाखूं,
उनमुन सुन, विसमाधी राखूं।

हमें भी दे तार लाखों तारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी।
लगादे भव जल के अब किनारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी॥
न हो किसी से हमारा नाता,
न हम किसी का सहारा ढूंढें।
रहें सदा तेरे ही सहारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी॥
न मोह माया का मन में खटका,
न काल और कर्म का हो झटका।
निवास कर मन में अब हमारे,

दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥
दे प्रेम भक्ति का दान हमको,
न दे तू सन्मान मान हमको।
यही है विनती हमारी निसदिन,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥
दे खोल दृष्टि तुझे पिछानें,
दरस परस करके तुझको मानें।
उदय हों घट सूर चन्द्र तारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥
अलख अगम का दिखा तमाशा,
दिलादे निज धाम में तू बासा।
चरन कमल के रहें सहारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥
जपूं सदा मन से राधास्वामी,
कहूं सदा मुख से राधास्वामी।
दिला दिला नाम धन दुलारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥

इस वाणी को जेठ महीने की महिमा से आरम्भ किया या है और फिर परमतत्त्व की व्याख्या की गई है। सबसे पहले मैं आपको जेठ महीने की शुभ कामनाएं देता हूं फिर वन्दना करके सत्संग शुरू करूंगा।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

मस्तरामसुतं देवं फकीरचन्दपण्डितम् ।
परमं सन्तं दयालं व तस्मै वन्दे जगद्गुरुम् ॥

गुरु सृजन शक्ति अर्थात् ब्रह्मा का स्वरूप हैं। गुरु पालन करने वाली शक्ति विष्णु का स्वरूप हैं, गुरु अज्ञान को नाश करने वाली शक्ति शिव का स्वरूप भी हैं तथा गुरु इन तीनों से परे उस परब्रह्म तत्त्व का स्वरूप साक्षात् शरीर में हैं। इसलिए मैंने यह नमस्कार का श्लोक पढ़ा। मस्तरामसुतं देवं अर्थात् मस्तराम जी के घर में शरीर रूप से उत्पन्न हुए पण्डित फकीरचन्द जी महाराज जो परमसन्त हैं परमदयाल हैं और जगत् के गुरु हैं उनको नमस्कार है।

जब किसी बालक को शिक्षा देते हैं तो अक्षर सिखाते हैं। अक्षर क्या होता है? जिसका क्षय नहीं होता, अक्षर ब्रह्म भी है। अक्षर सिखाते हैं तो कैसे सिखाते हैं? अक्षर देखा नहीं जाता। अक्षर 'अ' भी होता है तो 'अ' से अनार, 'क' से कबूतर सिखाते हैं तब जाकर उसको ज्ञान होना है। इसलिए जब मैं महाराज जी के प्रति नमस्कार करता हूं और कहता हूं मस्तरामसुतं देवं (उनको साक्षात् भी आपने देखा है) तो यह नमस्कार करते समय मस्तराम जी के पुत्र शरीर रूप में कहने का मतलब यह नहीं कि वह यहां तक ही सीमित हैं, यह उनका सगुण रूप है इस लिए यह नमस्कार जो है सन्तमत के अनुसार है। और फिर देखिये यथा नाम तथा गुण, उनके पिता का नाम मस्तराम अर्थात् मालिक की मस्ती में रहने वाले और फिर उनका अपना नाम फ़कीरचन्द, नाम भी गुण के समान है

और फकीर का मतलब होता है परमतत्त्व। देवं इस लिए कहा गया है कि उनमें दैवी गुण हैं। गुण दो प्रकार के होते हैं, दैवी और आसुरी। मनुष्य में दैवी और आसुरी दो प्रवृत्तियाँ होती हैं। दैवी प्रवृत्ति वह प्रवृत्ति होती है जिसको सन्तों के गुण कहते हैं। सन्तों के क्या गुण होते हैं सबसे प्रेम करना, सब पर दया करना, सब लोगों की भलाई करना यह दैवी सम्पत्ति कहलाती है और आसुरी सम्पत्ति होती है सबको दुःख देना, सब से नफ़रत करना और सबका नुक्सान करना। देव क्यों कहा ? क्या महाराज जी में आसुरी गुण थे ? नहीं ! उनके गुण भी दैवी थे इसलिए मस्तराममुतं देव कहा है। मैं आज मस्तराममुतं देव की व्याख्या कर रहा हूं क्योंकि नारायणदास जो ने एक दिन ऐसा करने को कहा था ताकि लोगों को भ्रान्ति न हो।

फकीरचन्दपण्डितम्- फ़कीरचन्द उनका नाम है पण्डित कौन होता है ? जो परम ज्ञानी होता है उसको पण्डित कहते हैं। तो क्या उन में पण्डिताई की कमी थी ? यह नहीं कि ब्राह्मण के घर पैदा हुए इस लिए हम उन्हें पण्डित कहते हैं, पण्डित का अर्थ वह मनुष्य है जिसको पूरा ज्ञान हो चुका है और डाक्टर की उपाधि जो मेरे साथ लगाई गई है यह यूनिवर्सिटी से मिली है, डाक्टर का अर्थ भी पण्डित होता है। परमं सन्तं---सन्तों में परम, सबसे ऊंचे परमतत्त्व वाले सन्त। बाकी सन्त तो बहुत हैं लेकिन वे परमसन्त नहीं हैं। दयालं---जो परमदयाल हैं तथा जगत् के गुरु हैं। जगत् के गुरु शरीर रूप में भी थे और इस

समय अपने स्थान पर जाकर अपने उच्चतम सिंहासन पर मूलतत्त्व में मिलकर इस समय भी वह हैं इस लिए मैंने नमस्कार किया है। उनको दया अब भी है। तस्मै वन्दे जगद्गुरुम्---इस जगत् के गुरु हैं क्योंकि दाता दयाल जी ने भी उनके सब गुण व लक्षण बताकर यह कहा था कि वह इस संसार में रहते हुए भी इस संसार से परे थे और ऐसे स्थान पर पहुंच चुके थे जो आज जेठ के महीने में कहा गया है कि यहां न ख़ालिक़ हैं, न ख़लक़त है, न वहां पर कर्त्ता है, न प्रकृति है, न सृष्टि है, न सृष्टा है ऐसे तत्त्व में पहुंच कर जब इस शरीर में रह रहे थे तो उन्होंने कहा था कि उनका इस शरीर में रहना केवल कर्मभोग के लिए है और यह कहा था :--

आबिदो माबूदियत माबूद से आज़ाद है।
खुश मुजिस्सिम खुश है दिल का रूह का वह शाद है॥

इसका अर्थ है कि वह पूजा व मालिक की भक्ति के दर्जे से भी ऊपर उठ गए थे। उनको न किसी की पूजा करने की आवश्यकता थी और न उनको किसी पूजा करने वाले आदर्श की आवश्यकता थी, इस क़ैद व सीमा से वह ऊपर उठ गए थे। तो दाता दयाल ने उनको कहा :---

आविदो माबूदियत माबूद से आज़ाद है।
खुश मुजिस्सिम, खुश है दिल का रूह का वह शाद है॥

इस लिए उनके सगुण रूप को नमस्कार करना हो चाहिए क्योंकि दाता दयाल ने कहा था :--

तेरा सगुण रूप है सन्तमते का सार।

अर्थात् सन्तमत का जो असली मतलब समझना चाहता है वह उनके सगुण रूप से समझे। उनका शरीर आपने देखा, कितना हल्का-फुल्का था, कितना सुन्दर शरीर था और शरीर भी खुशी का ही रूप था। नारायणदास जी जब उस शरीर की मालिश करते थे तो कितना उनको आनन्द आता होगा। मैं ठीक कहता हूं कि इनके हाथों के अन्तर उस मालिक की किरणें हैं। वह दिल से भी हमेशा खुश रहते थे और उनकी आत्मा में निरन्तर आनन्द रहता था। इस लिए दाता दयाल ने उनके बारे में यह कहा :---

जिस को देखो इस तरह समझो वही सच्चा फ़कीर।
दस्तगीरे दो जहाँ और दो जहां का है वह पीर॥

दाता दयाल ने इनके लिए कहा है कि जिसमें ऐसे लक्षण देखो वह सच्चा फ़कीर है जो इस लोक का और वहां का अर्थात् दोनों जहानों का नेता व मालिक है। इस लिए इसी भाव को सामने रख के मैंने यह वन्दना की है।

जेठ महीने की वाणी आपने सुनी। असली शब्द ज्येष्ठ है। ज्येष्ठ कहते हैं बड़े को। इस महीने में दिन भी बड़े होते हैं तथा महीना भी बड़ा माना जाता है। ज्येष्ठ को संस्कृत में गुरु भी कहा जाता है। गुरु का अर्थ भी बड़ा होता है। तो यह गुरु की महिमा है। वाणी में कहा गया है कि जीवन हृदय न करारी, यह तपन भी जेठ के महीने में ही होती है। तपन से भावार्थ है कि हमारे दिल में लगातार लगन व कसक हो कि हम उस मालिक, परमतत्त्व

या परम आधार को मिलें जहां से कि हम आये हैं। जब तक लगन नहीं होती तब तक मनुष्य बहिर्मुख से अन्तर्मुख नहीं होता। दुःख क्यों है? दुःख इस लिए है कि अधिकतर लोग बहिर्मुख हैं तथा वे अपने आपको शरीर मानते हैं। शरीर बाहरी वस्तु है तथा जब तक शरीर है शरीर में दुःख भी रहेगा, सुख भी रहेगा।

परमाधार, जहां से हम आए हैं वहाँ पर पहुंचने पर ही यह अनुभव होगा कि वहां पर किसी प्रकार का दुःख नहीं है, सुख नहीं है। जहां सुख है वहां दुःख है, कभी सुख होगा फिर दुःख होगा। परमतत्त्व में न सुख है न दुःख है, सांच नहीं है झूठ नहीं है। वह परमतत्त्व साफ सामने दिखाई नहीं देता क्योंकि वह अन्तस् में छुपा हुआ है, वह ब्रह्माण्ड के भी अन्तर है और कई ब्रह्माण्डों से परे सतलोक से भी परे है। वह जो अन्दर है उसको आप नहीं देख सकते जब तक कि आप अन्तर्मुख न हो जाओ। इसीलिए समिरन, ध्यान बताया जाता है। बहिर्मुख होने के लिए पहले गुरुमुख होना ज़रूरी है। आप एक दम अन्तर नहीं जा सकते क्योंकि बचपन से जिस घर में आप पैदा हुए उससे आप के मन व दिमाग के ऊपर देवी के, देवताओं के, भैरों जी के वह सब बाहरी प्रभाव पड़े हुए हैं, आपका तो बहिर्मुखी मन है। परमदयाल जी महाराज कहा करते थे कि Suggestions & Impressions दिमाग में भरे पड़े हुए हैं और सांसारिक आशाएं मन में हैं। क्या आप देखते नहीं, लोग तो सांसारिक

इच्छाओं व आशाओं को पूरा करने के लिए कैसे अपने-अपने देवताओं की मिन्नतें मानते व चढ़ावे चढ़ाते हैं। मांगो। आपका मांगने का अधिकार है क्योंकि आप मालिक के पुत्र हैं। पुत्र तथा पुत्रियों का मालिक से मांगने का अधिकार है। मांगो, मांगना पाप नहीं है परन्तु उसके बाद समझो कि यह मांग कैसे पूरी हुई तथा किसने पूरी की ? जब मैं बहिर्मुख था मैं भी मांगा करता था और हमेशा इच्छा पूरी हो जाती थी, जैसे परीक्षा में फर्स्ट आ जाऊं 5 पैसे का प्रसाद चढ़ाऊँगा। मैं ब्राह्मण वंश में मुलतान में पैदा हुआ। नहाने के कमरे के ऊपर अलग पूजा का कमरा था। जहां 200 वर्ष पुरानी शंकर भगवान् की मूर्ति थी। वहां बैठकर जैसे Suggestions & Impressions सब के होते हैं, अन्तर्मुख सुमिरन, ध्यान, भजन भी किया करता था। मुलतान में चौक बाज़ार में हनुमान जी का एक मन्दिर था जहां बहुत लोग जाते थे। जब भी मैं उधर से गुज़रता था तो हनुमान जी को नमस्कार करता था तथा जो चाहता था वह मिल जाता था। मुझे उस समय, बारह-तेरह वर्ष की आयु में भी यह ज्ञान था व सोचता था कि यह मांग पूरी क्यों होती है ? मेरा यह विचार था कि क्योंकि मालिक अपने अन्तर है। अपने आप पर लोगों का विश्वास नहीं होता, समझते हैं कि मैं तो एक मनुष्य पैदा हुआ हूं और नहीं जानता कि मनुष्य तू अपने आप में पूर्ण है, इस लिए उसको कोई बाहर का सहारा ढूंढना पड़ता है। Suggestions and Impressions सब के होते हैं। जब मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था तो वज़ीफ़े का इम्तिहान देना था, मैंने सोचा कि हनुमान जी ! मैं पांच

पैसे का (बाद में तो पाँच रुपये का और 500/-रु. का भी माना कभी) प्रसाद चढ़ाऊंगा, मुझे वजीफा मिल जाये, वजीफा मिल गया तो उसमें क्या होता था ? यह विश्वास होता था कि हनुमान जी यह काम करायेंगे, मेरा अपना जो विश्वास था वह उस मूर्ति से टकरा कर फिर मेरे में आ गया और मुझे विश्वास हो गया, मैं वजीफे की परीक्षा देने गया, अपने विश्वास के कारण मिल गया परन्तु वह विश्वास उधर से टकराकर फिर इधर वापिस आया, बहिर्मुखी से फिर मैं अन्तर्मुखी भी हो गया ।

सनातन धर्म और सन्तमत की शिक्षा एक ही है। गायत्री मन्त्र का अर्थ भी अपने अन्तर ज्योति को देखना है। यह दोनों ही अन्तर्मुख होने व अन्तर जाने की शिक्षा देते हैं क्योंकि जो कुछ मिलता है अपने अन्तर से ही मिलता है, चाहे आप अपनी इच्छा की भी पूर्ति करना चाहते हैं तब भी आप अन्तर्मुख हो कर अपने मस्तक में मालिक की तस्वीर बनाकर ध्यान लगाइए, आपको मिलेगा। परन्तु क्योंकि बहिर्मुख होने की आदत पड़ी हुई है इसलिए बहिर्मुखी से अन्तर्मुखी होने में कठिनाई होती है। इसीलिए सच्चा गुरु नाम तभी देता है जब वह देख लता है कि यह शीघ्र अन्तर्मुखी हो सकता है अन्यथा स्वभाव के अनुसार कर्मयोग या भक्तियोग का रास्ता बताता है। कर्मयोग का मार्ग उसे बताया जाता है जिसमें काम करने या सेवा करने की बहुत शक्ति है जैसे महाराज जी ने नारायणदास जी को कहा कि

आ तू मेरी सेवा कर दे । उसी सेवा से मुझे पूर्ण विश्वास है कि नारायणदास जी ने भले ही बहुत लम्बा अभ्यास न किया हो परन्तु इन्होंने मालिक की जो सेवा की है इनको ज्ञान हो गया और उससे यह तर जायेंगे ।

जब तक जीवन है कर्म के बिना कोई रह ही नहीं सकता। कोई कहे कि मैं तो सत्तगुरु हो गया और मैं कर्म से ऊपर उठ गया, यह कैसे सम्भव हो सकता है। शरीर तुम्हारा कर्म कर रहा है, खाना खाते हो, भोजन का पाचन हो रहा है और आपके अन्तर खून का दौरा हो रहा है। कर्म तो प्रत्येक व्यक्ति से स्वाभाविक हो हो रहा है। कर्म तो तभी समाप्त करोगे जब मर जाओगे । सन्तमत में गेरुए कपड़े पहनने की आवश्यकता नहीं, यह कभी भी संसार से भागने व कुटिया बनाकर बैठ जाने को नहीं कहता, वो भागने व डरने वाला मार्ग ही ग़लत है सन्तमत मे गुरु आपको अभयदान देता है और संसार में रहते हुए केवल अन्तर्मुख होने को कहता है और आपको आपके वहम, भ्रमों व अज्ञान से आज़ाद कर देता है गुरु ।

मैं पचास वर्ष से ज्यादा समय से अन्तर्मुख होता रहा हूं परन्तु मालिकेकुल परमदयाल जी के दर्शन करने के बाद बहुत ही ज्यादा अन्तर्मुखी हो गया हूं। मैं चाहूं तो मालिक की दया है, लाख दो लाख लगा कर गंगा के किनारे कुटिया बनाकर बैठ जाऊं और वहीं अन्तर्मुख होता रहूं और अपनी साधना करता रहूं । मुझे यहां आकर यह काम करने

की क्या आवश्यकता है लेकिन यदि मैं ऐसा करूं तो मैं महामूर्ख हूंगा। महाराज जी सन् 1976 में अमेरिका में एक जगह सत्संग देने जा रहे थे। परसराम जी साथ थे। मैंने मार्ग में परसराम जी को कहा, परसराम जी! यह बड़ा भारी काम महाराज दे रहे हैं मैं यह न कर सकूंगा, महाराज जी को कह दो। कहने लगे कि आप कह दो। मैंने कहा आप कह दें। परसराम जी ने परमदयाल जी को कह दिया। सत्संग में कितने हज़ार अमेरिकन थे, सत्संग उनको देना था तो पहले ही महाराज जी ने यह कहना शुरू किया, आई. सी. शर्मा! मैं तुम्हें कह रहा हूं, तुम्हें यह काम अवश्य करना पड़ेगा, मेरी आज्ञा है। यदि मेरी आज्ञा का पालन नहीं करोगे तो मैं तुम्हें Curse करूंगा अर्थात् शाप दूंगा, ऐसे कहा। इसलिए उनकी आज्ञा का पालन करने व यह सत्संग देने का कर्म करने के लिए मैं विवश हूं। मुझ में यदि कोई अच्छाई दिखाई देती है तो उनकी है और यदि आपको कोई बुराई मिलती है तो मेरी है, मेरे मालिक को दोष नहीं दे देना।

बुद्ध धर्म भारत में क्यों नहीं टिका? क्योंकि बुद्ध धर्म में था 'धर्मं शरणं गच्छामि' मैं धर्म की शरण जाता हूं, 'बुद्धं शरणं गच्छामि' और 'संघं शरणं गच्छामि' अर्थात् मैं संन्यासी बनता हूं। जब सभी लोग संन्यासी, भिक्षु, भिक्षुणी, बनने लगे तो मालिक को ध्यान आया कि यह तो भारत का सत्यानाश हो जायेगा। इसलिए शंकराचार्य जी का अवतार हुआ ताकि बौद्ध धर्म को भारत से हटा दिया जाय और सबको मालिक की ओर लगाया जाय। बार-

बार मालिक स्वयं आता है। स्वयं अपनी शक्ति को शिक्षा बदल देने के लिए भेजता है। स्वामी जी महाराज व हजूर राय सालिग राम जी सच्चाई देने के लिए आए। इन्होंने किताबें लिखीं जो सूत्र रूप हैं और बहुत थोड़े में ही लिखी हैं, सबको समझ में नहीं आ सकतीं इस लिए मालिक ने दाता दयाल जी को भेजा, इन्होंने दुनिया भर के धर्मों पर और सुन्दर विचारों पर चार-पांच हज़ार किताबें लिख कर हमें दीं। क्योंकि कोई सभी किताबें तो पढ़ ही नहीं सकता था तो परमदयाल जी परमतत्त्व स्वयं शरीर में आए यह दिखाने के लिए कि राधास्वामी मत व सन्तमत यह हैं और उन्होंने यह बहुत सरल रूप से दिखाया। यह दिखाने के बाद वर्जीनिया (अमेरिका) में मुझे कहने लगे---"मैंने तुमको इसलिए चुना है कि मेरा अनुभव यह कहता है कि अनादि सनातनधर्म और राधास्वामी मत या सन्तमत में कोई अन्तर नहीं है, यह सत्यता का धर्म विश्व में फैलेगा व सब धर्मों को अपना मार्ग दिखायेगा और तू क्योंकि वेदों व सनातनधर्म का ज्ञाता और अभ्यासी है इन सबको एक करने का महान् काम तू करेगा और यह काम करते हुए निश्चय ही तू मेरी तरह इस अन्तिम अवस्था में गुम होगा जो यह जेठ महीने की वाणी कहती है, जहां न मैं है न तू है और जिसको कबीर साहिब ने कहा है :--

माला फेरूं न हरि भजूं मुख से कहूं न राम।
मेरा राम मुझको भजे तब पाऊं विश्राम ॥

भावार्थ यह है कि सन्तमत में बहिर्मुखी से पहले गुरुमुख होना पड़ता है। जब गुरु की ओर ध्यान होगा

तो गुरु की ओर देखते रहने से उसकी वृत्ति जम जाएगी तभी अन्तर्मुखी हो सकोगे। सन्तमत के ये दर्जे हैं जिन पर चलना होता है।

अब आप दाता दयाल जी महाराज के शब्द पर विचार कीजिये :--

हमें भी दे तार लाखों तारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी।

गुरु क्या है? दयाल दाता है। यहां पर शिष्य भी देता है तो गुरु भी देता है। गुरु यदि दे नहीं तो वह आगे परमधाम को नहीं पहुंच सकता। कोई कहे मैं सत्संग नहीं कराता, ज्ञान नहीं देता, वह गुरु नहीं है। उसको दयाल होना पड़ता है। गुरु के अन्तर से प्रेम तथा दया की किरणें स्वाभाविक ही निकलती रहती हैं इस लिए गुरु को दाता दयाल कहा गया है। सन्त को प्रेम का भण्डार क्यों कहा जाता है? क्योंकि सन्त का तो यह स्वभाव ही है वह दया व प्रेम तो करेगा ही। सन्त की कोई यह मेहरबानी नहीं है कि वह आपको देखकर दया कर रहा है। यदि वह सन्त है तो दया स्वयं ही निकसेगी जैसे सूर्य से प्रकाश व चमक आ रही है, सूर्य विवश है। इस लिए यहां गुरु को कहा गया है कि हे दाता दयाल! तूने लाखों तारे हैं तू मुझे भी तार। इस भावना से जो सत्संग में आता है वह तर जाता है यहां तक कि गुरु अधूरा भी हो तो भी शिष्य तर जायगा परन्तु यदि गुरु की कथनी व करनी में अन्तर नहीं है तो वह गुरु अधरा नहीं है :---

लगा दे भव जल के अब किनारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी।

भव क्या है? भव का अर्थ है होना। जब सुरत ऊपर से आती है तो पहले वह अपने आप को एक दिव्य प्रकाश में लपेट लेती है और उस दिव्य जगत् से नीचे उतर कर फिर उसमें एक आनन्द आता है, आनन्दमय कोश, विज्ञानमय कोश और फिर मनोमय कोश ऐसे बहुत से कोश हैं जिनमें वह लिपटी हुई नीचे आती है। जब नीचे शरीर में आ गई तो वह यह स झ लेती व मान लेती है कि मैं शरीर हूं या मैं मन ही हूं, यह भव है अर्थात् भव में आ गई क्योंकि वह अपने निजघर को भूल गई जो अज़र, अमर व अविनाशी है। उस भवसागर से पार करने के लिए गुरु से कहा गया है कि ऐसी दया करो व ऐसा ज्ञान दो कि मैं इन सीमाओं से छूट जाऊं। इसके लिए ही सत्संग में गुरु ज्ञान देता है :--

न हो किसी से हमारा नाता,
न हम किसी का सहारा ढूंढें।

वैसे तो जग में रहना है तो नाता-रिश्ता तो होगा व रहेगा ही, किसी के पुत्र-पुत्री, किसी के माता पिता, किसी के भाई इत्यादि होंगे परन्तु असल चीज़ परमतत्त्व सब में है। यदि आप सब में उसी परम-तत्त्व को समझ लें और उसी असली व पवित्र नाते व सम्बन्ध का ध्यान रहे तब ये नाते आपके लिए

बिलकुट रुकावट नहीं बनेंगे बल्कि यही आपका मालिक का सुमिरन व मालिक की सच्ची याद हो जायेगी और ये नाते न समझ कर उसी परमतत्व का ही नाता समझें तो बहुत आनन्द रहेगा :---

रहें सदा तेरे ही सहारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी।

इस तरह जब आपको उसी का सहारा होगा और आप उसी असली आधार के शरणागत हो जायेंगे व उसी मालिक में पूर्ण विश्वास रखेंगे तो आपके सब काम भली प्रकार होंगे। दाता दयाल इस शब्द में यही प्रार्थना करते हैं कि हे स्वामी, हे परमतत्व, सर्वाधार व हे परमगुरु! मैं चाहता हूं कि और किसी का सहारा न लेकर तेरा ही सहारा लूं क्योंकि असली सहारा वही हैं। वेदान्तियों की यह बड़ी भूल है जो यह कहते है कि यह दुनिया एक भ्रम, माया या स्वप्न है या वे 'अहं ब्रह्म अस्मि', कहते हैं। उनको समझना चाहिए कि आधार सब का वही परमतत्व है जिस पर कि सब कुछ रखा हुआ है :---

न मोह माया का मन में खटका,
न काल और कर्म का हो झटका।

जब हमारी तार परमाधार के साथ बंध गई तो यह मोहमाया सब अपने आप ही हट जायेगी। मोहमाया से हटने का अर्थ यह नहीं कि आपका प्यार

नहीं होगा, प्यार तो सुरत से निकलता है व आगे जाकर आत्मा का होता है। प्यार मन व बुद्धि से नहीं निकलता, जितना अधिक बुद्धि वाला होगा उतना वह कटु हृदय व कड़े व्यवहार वाला होगा, उसका प्यार नहीं होता। हां, जो स्वच्छ बुद्धि वाला अर्थात् प्रज्ञा वाला होता है उसका प्यार होता है और वही स्वच्छ प्यार सन्त व फ़कीर का होता है क्योंकि उसका मन मालिक के साथ लगे होने के कारण उसकी मोहमाया जा चुकी होती है। मोहमाया चले जाने का अर्थ क्या है? कि आप का लगाव नहीं होगा। महाराज जी कहा करते थे, करो प्यार परन्तु उसमें फंसो नहीं अर्थात् अपने स्वार्थ के लिए प्यार नहीं करो। प्यार के बिना तो काम चल ही नहीं सकता परन्तु प्यार आपका स्वच्छ हो। प्यार क्या है? प्यार एक करने वाला है, घृणा अलग करने वाली है। आप अपने भोजन को ही देखिये। मान लो आप कहते हैं कि मुझे आलू-मटर प्यारे लगते हैं तथा भिण्डी अच्छी नहीं लगती, तो आप भिण्डी को नहीं खाओगे और आलू-मटर खाओगे। खाओगे क्यों? ताकि वो मेरे अन्तर एक हो जाए। इसलिए प्रेम में आग और एकत्व दोनों गुण रहते हैं। तो प्यार एक करता है, वह बिना कहे व बोले ही एकदम हो जाता है। प्यार आत्मा का है तथा सुरत से निकलता है। सुरत क्योंकि अनन्त है इसलिए प्यार एक जगह नहीं कर सकता जैसे मैं अपनी पत्नी से प्यार करूं और अमुक से नहीं करूं, वह तो बहता है। वह स्वच्छ और बड़ा निर्मल प्यार का जो पानी है वह ऊपर पहाड़ से गंगा की तरह बहता है। बहते हुए

एक बड़ी जगह पर ठहर जाता है, एक तालाब बना लेता है, फिर आगे जाता है और तालाब का निर्माण करता है। इस तरह अपना दायरा बढ़ाता ही जाता है। वह प्यार ही क्या हुआ जो एक ही जगह पर रुक जाए, वह मोह होता है। सन्त का प्यार ऐसा स्वच्छ प्यार होता है। लोग समझते नहीं हैं कि सन्त का प्यार क्या है और दूसरा आदमी कैसे प्यार करता है या सन्त के किसी चीज़ को हाथ लगाने का क्या प्रभाव होता है। एक फ़कीर था वह छोटे सुन्दर बच्चों को लेकर गोद में बिठा लेता था। लोग निन्दा करते थे कि यह क्या करता है। एक दिन जा रहे थे कि काला सांप था उसको उठा कर गोद में रख लिया, तब लोग समझे कि यह बात है। मैं आपको मोह और प्यार का अन्तर बता रहा हूं। वह जो स्वच्छ प्यार होता है वह मोह नहीं होता, मोह से छुटकारा पाओ परन्तु प्यार व प्रेम से नहीं :--

निवास कर मन में अब हमारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ।

जब वह हमारे मन में निवास करेगा, निरन्तर सुमिरन ध्यान से उसी को हो भजते रहेंगे तो वह तो अनन्त है उससे जो हमारा काम होगा वह अनन्त प्रेम का होगा। मुझे अपने आप पर पूरा विश्वास है कि मेरे दिल में आप लोगों के लिए हमेशा अगाध प्रेम है व रहेगा।

दे प्रेम भक्ति का दान हमको, न दे तू सन्मान मान हमको।

दाता दयाल कहते हैं कि हमको प्रेम भक्ति का दान दो। मालिक ने मुझ पर बड़ी दया की है कि मुझे तो यह दान उसने भरपूर दिया है, मान सम्मान की कोई जरूरत नही, मुझे वह चाहिए नहीं। मान सम्मान मुझे बहुत मिल चुका, देश-विदेश में जिस यूनिवर्सिटी में भी जाओ मेरी किताबें पढ़ाई जा रही हैं। भक्ति रत्न के सामने मान सम्मान की तुलना ही क्या है। मैं पढ़ाना चाहता तो अमेरिका में अभी 9 वर्ष और पढ़ा सकता था जहाँ 9 महीने पढ़ाने का मुझे लगभग 5 लाख रू: मिलता है परन्तु जब आप सत्संगियों के रूप में मैंने मालिक का प्रेम इतना उमड़ता देखा तो मैंने उस पढ़ाने के काम को तिलांजलि दे दी तथा आप लोगों की सेवा के लिए उपस्थित हो गया। आप लोगों के प्यार की तो कोई कीमत ही नहीं :--

दे खोल दृष्टि तुझे पिछानें,
दरस परस करके तुझको माने।

जब वह दृष्टि खुल गई कि मालिक सब में है तो इस पवित्र दरस, परस से हमें यह ज्ञान होगा कि सब जगह मालिक है :--

उदय हों घट सर चन्द्र तारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ।

यह बिलकुल सच है कि जो सूर्य, चन्द्र, तारे ब्रह्माण्ड में हैं वही हमारे अन्दर भी हैं। इस पर किसी और दिन सत्संग दूंगा। गुरु की दया दृष्टि हो जाएगी तो अनुभव और साधना से आप में वह सूर्य, चांद सब

अपने आप दिखाई देने लग जायेंगे :-

अलख अगम का दिखा तमाशा,
दिलादे निज धाम में तू बासा।

सूर्य चांद सितारे के बाद फिर सत्तलोक के दर्शन व सत्तपुरुष से परे अलख और अगम का तमाशा देखें। इससे आगे अपना निवास ठिकाना है जहां पहुंचाने के लिए प्रार्थना की गई है :-

चरण कमल के रहे सहारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी।

गुरु के चरण कमल प्रकाश, अनुभव और विवेक हैं।

जपूं सदा मन से राधास्वामी,
कहूं सदा मुख से राधास्वामी।
दिला दिला नाम धन दुलारे,
दयाल दाता कृपाल स्वामी ॥

दाता दयाल गुरु से प्रार्थना करते हैं कि चरण कमल का सहारा रहे और नाम धन की प्राप्ति हो जिससे कि ये सब अवस्थाएं प्राप्त हों और विदेह मुक्ति मिले।

राधास्वामी नाम पर फिर किसी दिन सत्संग दूंगा।

होशियारपुर
25-12-91

मेरे परमतत्व अंश लालचन्द,

राधास्वामी परमदयाल जी सहाय।

आपक पराप्रेममय आत्मानुभव से ओत-प्रोत अति प्यारा पत्र मिला। इसे पढ़कर आपके प्रति केवल नीचे दिए गए शब्द लिखने की प्रेरणा हो रही है :--

तुझमें एक अनेक कहां है, यह भी भूल विकारा ;
राधास्वामी दया रूप लख अपना, तू व्यापक संसारा।
लालियां, रूप तेरा अति प्यारा।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मेरे और आपके बीच से 'तू, और मैं का पर्दा हट गया है। तू मैं हो गया और मैं तू हो गया। यह तो अवश्य ही होना था। इसीलिए तो परमदयाल जी न अपनी परम दया क दो रूपों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक दृष्टि से मिलाया। मैंने जो कुछ भी आप से कहा वह उन्हीं की पर.धारा से प्रेरित हो कर कहा। आपने उसे सुना, सुनकर अमल किया, जिसके फल-स्वरूप मेरी ही सहज अवस्था तुम्हारी सहज अवस्था में बदल गई। यद्यपि इस अनुभव को लिखने की आवश्यकता नहीं, फिर भी इसे अवश्य लिखा जाता है। सम्भवतया इस आदान प्रदान से अगम की अनन्त धारा अधिक वेग से वहने लगती

